राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 560
रॉबिनहुड
सुपर कमांडो ध्रुव

बेबसों की जान और इज्जत की रखवाली करने वाले को गरीब और बेबस अपना फरिश्ता मानते हैं। लेकिन अपनी झुग्गियों में धन और ऐश की बरसात करने वाले को वे अपना भगवान मानते हैं। पर आज फरिश्ते और भगवान में टकराव होने जा रहा है। फरिश्ता है मजलूमों के लिए मौत से भिड़ जाने वाला सुपर कमांडो ध्रुव और गरीबों का भगवान है अमीरों को लूटकर गरीबों में पैसा बांटने वाला...

रॉबिनहुड

कथा :
जॉली सिन्हा

चित्र :
अनुपम सिन्हा

इंकिंग :
विनोदकुमार

सुलेख एवं रंग :
सुनील पाण्डेय

सम्पादक :
मनीष गुप्ता

बंद करो भलाई का तमाशा रॉबिन हुड! मेहनत से कमाया गया पैसा ही इंसान के काम आता है, भीख से मिली दौलत नहीं!

ये भाषण उन गरीबों को देना जो कई दिन तो भूखे ही सो जाते हैं! पैसा न जाने कितनी दिक्कतें दूर कर देता है!

पर ये बात तुम नहीं समझोगे! क्योंकि तुम भी तो इस शहर के बड़े अमीरों में से ही एक हो! और इसीलिए तुम भी गरीबों के दुश्मन हो! और रॉबिन हुड के भी!

राजनगर के पी. जी. इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है जीवन रक्षक दवाईयों की ये फैक्ट्री-

जहां से रोजाना दर्जनों ट्रक टनों प्रॉसेस्ड दवाईयों को देश के कोने-कोने में स्थित मेडिकल स्टोरों तक पहुंचाते हैं-

DOCTOR

2

DOCTOR LABORATORIES

और दर्जनों ट्रक दवाईयों को बनाने वाले कच्चे माल और केमिकल्स को लेकर फैक्ट्री के प्रांगण में प्रवेश करते हैं-

पेपर्स ठीक हैं! ट्रक को गोदाम में लगा दो!

इस पर नजर रखनी होगी!

इंसान चाहे जितनी भी टकटकी लगाकर देखता रहे-

उसको एक सेकंड के सौवें हिस्से के लिए पलकें तो झपकानी ही पड़ती हैं-

और किसी के लिए इतना ही समय काफी होता है-
अरे! कहां गया?
जरूर बाहर चला गया होगा!
बला टली!

बला टली कहां थी-

बला तो आनी अभी बाकी थी-
ये इनका ऑफिस लगता है!

शायद यहां से मुझे वे कागजात मिल सकें जिनकी मुझको तलाश है!
ये रहा!

ऐ! कौन है तू? हाथ ऊपर कर!
इस कमरे में फैक्ट्री का सारा कैश रखा रहता है!
तू जरूर उसी को लूटने आया होगा!
हाथ ऊपर कर! बता, कौन है तू?
हाथ ऊपर उठते ही-
रहस्य खुल गया-

सुपर कमांडो ध्रुव!
यहां पर! पर क्यों?
तड़ तड़ तड़
तुम्हारे बाप की तलाश में आया था!
तुम्हारी फैक्ट्री के असली मालिक की तलाश में!

और इस कागज में वह सुबूत है कि कागजों में नकली दवाई बनाने वाली इस फैक्ट्री का मालिक कोई और है, और असलियत में कोई और!
वैसे तो नकली दवाई बनाने के आरोप में मैं इस फैक्ट्री को बहुत पहले बंद करवा देता! लेकिन इस पर छापा मारने से पहले इसके असली मालिक का पता करना जरूरी था! क्योंकि नकली माल, नकली मालिकों की आड़ में ही बनवाया जाता है!
सुबूत तो नष्ट होंगे ही, ध्रुव...
तड़ाक
पहले छापा पड़ता तो शायद ये सारे सुबूत नष्ट कर दिए जाते!
...लेकिन साथ ही साथ तुम भी नष्ट हो जाओगे!
अच्छा होता अगर तुम सच्चाई न जानते! अब ये जान जाने के बाद तुम्हारी जान जानी तय है!
अच्छा होता अगर तुम मुझ पर गोलियां न चलाते!
ऐसा करके तुमने अपने गुनाह को स्वीकार कर लिया है मिस्टर सूद!
तुम ही हो न इस फैक्ट्री के नकली मालिक!
हां, हूं! क्योंकि मैं अपने मालिक के आदेश का गुलाम हूं!

तेरे सुबूतों की तरह तेरे भी चिथड़े उड़ जाएंगे!
कोशिश करते रहो! गोलियां चलाते रहो! तब तक मैं दूसरे सुबूतों को ढूंढ़ लेता हूं!
ये तो बार-बार छुप जा रहा है! और हमारी गोलियां खत्म हुई जा रही हैं!
गोलियां खत्म होते ही ये हम पर हावी हो जाएगा!
और आदमियों को बुलाओ! हमें इसको घेरना है! ये बॉस का नाम और उसका असली धंधा जान चुका है! इसको जिन्दा नहीं जाने दे सकते!
कितने भी आदमी बुला लो! ये नहीं रुकेगा! पर मेरे पास एक चीज है जिससे सुबूत और ध्रुव दोनों एक साथ ही खत्म हो जाएंगे!
क्या है ऐसी चीज?
ये!
सुपर हथगोला!
हां, बाहर निकल!
गोला, ऑफिस के अंदर गिरा-
और दरवाजा बाहर से बंद हो गया-
इस कमरे से बाहर निकलने का यही एक रास्ता है! अब तीस सेकंड में ये ग्रेनेड फट जाएगा और कमरे की हर चीज के चिथड़े उड़ जाएंगे! बड़ाम!
धड़ाक
ओह! और मैं तीस सेकंड में ये दरवाजा तोड़ नहीं सकता और न ही बम को कहीं बाहर फेंक सकता हूं!

मेरे साथ-साथ ये बेचारा गार्ड भी मारा जाएगा! एक सिलेंट! इस गॉर्ड ने कहा था कि कमरे में कैश है! और अगर कैश है तो मजबूत तिजोरी भी होगी!
00:00:05
यह रही! अब अगर मैं इसको खोल सकूं तो काम बन जाएगा!
00:00:07

00:00:09

आखिरकार ताले ने जवाब दे दिया! पर-
ताला तो खुल गया पर तिजोरी नहीं खुली! इसमें डबल लॉक लगा है! इस कॉम्बीनेशन लॉक को भी खोलना होगा!
00:00:11

अब सब कुछ ध्रुव के कानों पर निर्भर था-
उसके कान कॉम्बीनेशन लॉक के लीवर गिरने की धीमी आवाजों को सुन रहे थे-
00:00:17

समय तेजी से बीतता जा रहा था-
खुल गया नंबर लॉक!
व्हियू!
00:00:22

ओफ्फ! इसके अंदर तो नोट ही नोट भरे हैं! बम को घुसाने तक की जगह नहीं है! नोटों को बाहर निकालना होगा!
00:00:25

आखिरकार जगह बन ही गई-
बम को अंदर रखा गया-
00:00:28

तिजोरी का दरवाजा बंद हुआ-
धम्म
00:00:29
और ग्रेनेड का समय खत्म हो गया-
धड़ाम
धमाका हो गया!
यानी सुपर कमांडो ध्रुव मौत के आगोश में सो गया!
आओ! चलकर देखते हैं कि उसकी लाश के कितने चिथड़े हुए हैं!
दरवाजा खुला-
खट
और दोनों के आंखों के आगे तारे नाच गए-
बेहोशी की कगार पर झूलते ध्रुव के वारों में अभी भी इतनी ताकत थी कि दोनों की हड्डियां तोड़ सकें-
आऽऽऽह! ये... ये बच कैसे गया?
जैसे भी बचा हो, पर अब हम नहीं बचेंगे!...
Arjun n rko

आऽऽऽह! शायद बच जाएं! क्योंकि ध्रुव बेहोश हो रहा है! और फैक्ट्री के दूसरे गार्ड्स इधर ही आ रहे हैं!
इन्होंने जरूर धमाके की आवाज सुन ली है! और हमको बचाने के लिए आ रहे हैं!
... तो ये गोलियां ऊपर की तरफ क्यों चला रहे हैं?
ऊपर देखोगे तो खुद समझ जाओगे मालिक!
सही कहा!
ऐसा ही होना चाहिए!
पर अगर ऐसा है...
ऊपर कोई है! पर ये है कौन? ध्रुव का कोई दोस्त है क्या?
मैं सिर्फ गरीबों का दोस्त हूं! और मेरा नाम भी वही है जो मेरे गुरु का नाम है!
रॉबिन हुड!
जिसका काम है अमीरों से लेना और गरीबों को देना!
और रॉबिन हुड यहां पर वही काम करने आया है!

मुझे पता चला है कि इस फैक्ट्री के मजदूर भूखे मर रहे हैं! पर यहां की तिजोरी में करोड़ों रुपए भरे हैं! वही लेने आया हूं मैं! ताकि मैं अमीरों की तिजोरी में भरे उन पैसों को भूख से मरते गरीबों में बांट दूं!
वैसे तू है कौन? तुझे गरीबों पर शहीद होने के लिए किसने उकसाया?
वे तो भूख से मरने के लिए ही पैदा हुए हैं! पर तेरी मौत शायद गोली खाकर होगी!
अमीरों के अत्याचारों ने! मैं भी एक गरीब का ही बेटा हूं! पर एक हफ्ते पहले जब पैसों के अभाव में मेरे बीमार बाप ने बगैर सही इलाज पाए ही दम तोड़ दिया तो मैंने कसम खाई कि आज के बाद से किसी भी गरीब पर पैसों की कमी की वजह से मुसीबत नहीं आएगी!
फिर मैं खुद एक मुसीबत बन गया। गरीबों का खून चूसकर तिजोरी भरने वाले अमीरों और उनकी रक्षा करने वाले पिट्ठुओं के लिए!
तेरे मरने से पहले हम पर तुझसे भी बड़ी मुसीबत आई थी! सुपर कमांडो ध्रुव नाम की! जब वह हमारे सामने नहीं टिक पाया तो तू क्या टिकेगा!
मैं तो टिकूंगा...

पर तुम मेरे सामने टिक नहीं पाओगे!
धुएं से पूरा वातावरण भर गया-
हाथ को हाथ सुझाई नहीं दे रहा था-
लेकिन किसी के हाथ को कुछ जबड़े नजर आ रहे थे-
मुझे तो अंदाज है कि तुम कहां पर मौजूद हो!
लेकिन तुमको अंदाज नहीं लग सकता कि रॉबिन हुड कब कहां पर पहुंच सकता है!
और कब कहां से अपना काम पूरा करके निकल सकता है!
अरे, वाह! नोटों के बंडल तो अपने आप ही बाहर गिरकर मेरा इंतजार कर रहे हैं!...

...और तिजोरी भी खुली हुई है। ये जरूर आपका ही चमत्कार है, मेरे गुरू रॉबिन हुड!
कुछ ही पलों में तिजोरी और फर्श पर पड़ा सारा माल रॉबिन हुड के बैग में समा चुका था-
ये रुपया हजारों गरीबों की उन मजबूरियों को दूर कर देगा, जिनकी वजह से लाचारों को अमीरों के तलवे चाटने पर मजबूर होना पड़ता है!
पर अब ऐसा नहीं होगा!
ठीक कहा। अब ऐसा नहीं होगा।
बल्कि इससे भी बदतर होगा।
क्योंकि मुफ्त में मिला पैसा उन गरीबों को उस मेहनत से दूर कर देगा जो गरीबों की ताकत होती है और जिस ताकत के दम पर गरीब अपना पेट पालता है!
ये पैसा गरीबों को मुफ्तखोर और निकम्मा कर देगा! और जब ये चंद पैसे भी खत्म हो जाएंगे तो वही गरीब फिर से अमीरों के तो क्या उनके दरवाजों पर बंधे कुत्तों तक के तलवे चाटने पर मजबूर हो जाएंगे!
इसीलिए ये पैसा भी यहीं पर छोड़ दो और गरीबों की मुसीबतें दूर करने वाला ये रास्ता भी! वर्ना तुम ध्रुव को अपने रास्ते के बीच में खड़ा हुआ पाओगे!

रॉबिन हुड न तो अपना रास्ता छोड़ता है और न ही रास्ते में खड़े होकर रुकावट डालने वाले को छोड़ता है!
मैं तो कुछ भी नहीं छोड़ूंगा पर तुम ये भाषण देना और मेरा रास्ता रोकना छोड़ दो वर्ना तुमको ये दुनिया छोड़नी पड़ जाएगी।
इसका अर्जुन जैसा पक्का निशाना तो मैंने तभी देख लिया था जब मैं अपने आपको संभालकर फिर से खड़ा हो रहा था!
लेकिन मुझको ये नहीं पता था कि ये धनुष का इस्तेमाल दूसरे तरीकों से भी कर सकता है!

वो भाग रहा है! और वह भी सेफ में रखा सारा माल लेकर! मैं इसको ऐसा अपराध नहीं करने दे सकता! क्योंकि नकली दवाइयों से कमाया गया यह धन इस अपराध का एक सबूत भी है और सरकार की अमानत भी! मुझे इसको रोकना होगा!

स्टार लाइन रॉबिन हुड के भागते हुए पैरों में फंसी-

और-

आऽऽऽह!

मुझे रोकने की कोशिश मत करो ध्रुव! गरीबों की परेशानियां दूर करने के लिए मुझे अगर तुमको तुम्हारी जिन्दगी से दूर भी करना पड़ा...

... तो मैं वह भी करने से नहीं हिचकिचाऊंगा!

घबरा मत! बिंदास बोल! बुरी खबर हमारे कानों तक आते-आते अच्छी बन जाती है। हमारे पास हर मर्ज की दवाई जो है!
ज्ञानेश्वर अस्पताल में हमारी नकली दवाइयां खाकर एक मरीज गुजर गया है! एन्क्वायरी होने वाली है! हमारी दवाइयां पकड़ी जाएंगी और फिर हम!
मैं तो बगैर आपकी दवाई खाए ही मर जाऊंगा!
कोई नहीं मरेगा! अस्पताल में मैं एक जाली कंपनी के ज़रिए दवाई सप्लाई करवाता हूं! पुलिस उस कंपनी के दफ्तर तक तो पहुंच सकती है, पर वहां पर उनको ऐसा कोई सुबूत नहीं मिलेगा जो पुलिस को मुझ तक पहुंचा सके!
नींद की गोली खाकर सो जाता हूं!
वैसे भी उस कंपनी के दफ्तर पर ताला लगा है! अब तू भी मुंह पर ताला लगा और चादर तानकर सो जा!
खा ले! बस हमारी वाली मत खा लेना!
ट्रिन... ट्रिन...
लो! जगाने वाली घंटी बज गई!
हां, बोल! मैं सिरप बोल रहा हूं!
सिरप बॉस! चार बत्ती वाली फैक्ट्री से बोल रहा हूं! बड़ी गड़बड़ हो गई है यहां पर! दो-दो शैतान घुस आए हैं यहां! एक तो कोई रॉबिन हुड नाम का छुटभैया है और दूसरा हम सबका बाप है, सुपर कमांडो ध्रुव!
क्या?
हां! और उसको पता चल गया है कि इस फैक्ट्री का असली मालिक कौन है!
अब क्या करें?
सुन लिया बॉस! अब इस खबर का क्या इलाज है?
आग की गोली! आग लगा दो फैक्ट्री में! इल्जाम ध्रुव और रॉबिन हुड पर जाएगा, और हम बीमा कंपनी से हर्जाना वसूल लेंगे! ऐसे सारे सुबूत भी मिट जाएंगे और घाटा भी नहीं होगा!

पर आपका चेहरा क्यों उतर गया बॉस? अब आपको ऐसी कौन सी बीमारी लग गई जिसका इलाज आपके पास भी नहीं है!
ये ध्रुव नाम की बीमारी है, सिरप! हम आग लगाकर कागजी सुबूत तो मिटा देंगे, लेकिन ध्रुव के दिमाग में तो मेरा नाम छप चुका है! अब वहां से उसको कैसे मिटाएंगे?
किस्मत शायद धन्वंतरी का साथ दे रही थी-
क्योंकि याददाश्त तो क्या, ध्रुव खुद ही मिटने वाला था-
तड़ाक
लो, मैं एक बार फिर बच गया!
ध्रुव के बगल से होता हुआ तीर दीवार में धंसता चला गया-
देखता हूं कि तुम मेरे तीरों से कब तक बच पाते हो ध्रुव!
बताओ, अब तुम क्या...
आऽऽऽह!
बड़ाम
हा हा हा! इस तीर में विस्फोटक फिट थे!
तुम बचे तो ध्रुव, पर बच नहीं पाए!

अब मुझको ये बैग ले जाने से कोई नहीं रोक सकता!
अरे! ये आग कैसी है? इसने बाहर जाने का रास्ता बंद कर दिया है!
खैर रॉबिन हुड बाहर जाने के लिए...
...अपना रास्ता खुद बना सकता है!
बडाम
बाय बाय ध्रुव!
अब तुम मुझे रोक नहीं सकते!
आ sss ह!
इन गुंडों ने फैक्ट्री में आग लगा दी है!
अगर हमारी लड़ाई जल्दी खत्म नहीं हुई तो हम आ में फंस जाएंगे!

माल से भरा बैग, रॉबिन हुड के हाथ से छूटकर दूर जा गिरा-
आऽऽऽह!
ये तो आग के बीच में गिर गया!
अब इसको हासिल कर पाना असंभव है!
तूने मेरे साथ-साथ कई गरीबों की आशाओं को भी जला डाला है, ध्रुव!
और ऐसा करके तूने अपने आपको मेरा दुश्मन साबित कर दिया है!
अब जिस तरह से तूने गरीबों के हिस्से का धन मुझसे छीना है वैसे ही मैं तेरी जान तुझसे छीन लूंगा!
दोनों तरफ से नुकीले गोल मुंहे तीर ध्रुव के शरीर की तरफ लपकने लगे-
हर निशाना सच्चा था-
कुछ ही पलों में ध्रुव का शरीर क्रेट के पहाड़ में बुरी तरह से फंस गया था-
कमाल है! रॉबिन हुड ध्रुव पर भारी पड़ गया! ध्रुव को फंसाकर वह भाग रहा है!
अब ध्रुव तो मरा ही मरा! हम भी जल्दी भाग लें!
वर्ना अपनी ही लगाई आग में हम खुद ही जल मरेंगे!

ओफ़! रॉबिन हुड तो निकल गया, लेकिन मुझको बुरी तरह से फंसाने के बाद गया है! अब अगर मैं ताकत लगा-कर इन शिकंजों से आजाद होता हूं तो क्रेटों का एक पूरा पहाड़ मुझ पर आ गिरेगा!
और फिर मैं आग के यहां तक पहुंचने से पहले कभी आजाद नहीं हो पाऊंगा!
आग की लपटें, सबकुछ खाक में बदलती हुई, तेजी से बढ़ती आ रही थीं-
और अब उनकी आंच ध्रुव की खाल को झुलसाने लगी थी-
आsss ह! अगर मैं क्रेटों के इस पहाड़ को गिरा दूं तो मैं आराम से आजाद हो सकता हूं!
और ये काम उस 'क्रेन हुक' की मदद से किया जा सकता है जो इन क्रेटों को उठाने के काम में आती है!
बस मुझको इसका कंट्रोल पेनल ढूंढ़ना होगा!
वह रहा!
START
LEFT
RIGHT
लाल बटन दबाते ही यह क्रेन स्टार्ट हो जाएगी! और अगर मेरी किस्मत अच्छी हुई तो यह मेरी तरफ ही आएगी!
थैंक गॉड! ये क्रेन इधर ही आ रही है और क्रेटों को पीछे की तरफ गिराती जा रही है!

देखते ही देखते क्रेटों का पहाड़ गिर चुका था-
अब मैं आजाद होने की कोशिश कर सकता हूं!
उम्ममम!
ध्रुव की कोशिशों के सामने वे शिकंजे ज्यादा देर तक टिक नहीं सके-
पर अब तक काफी देर हो चुकी थी-
आग की लपटों ने ध्रुव और बाहर जाने वाले दरवाजे के बीच में एक मोटी और दहकती दीवार खड़ी कर दी थी-
ओफ्! एक कैद से आजाद हुआ तो दूसरी में फंस गया!
अब मैं बाहर कैसे निकलूं?
अब क्रेटों में धमाके भी होने लगे हैं। न जाने इनमें क्या भरा हुआ है!
आग की इस दीवार को जल्द से जल्द पार करना ही होगा! पर कैसे? जितनी भी जल्दी करूं ये लपटें तो फिर भी मुझे जला ही देंगी!
ओह! लोहे के गर्डर भी गलकर गिरने लगे हैं!
अंदर विनाश का तांडव हो रहा था-
और बाहर निकलने के सारे रास्ते बंद हो चुके थे-
लेकिन जब सारे रास्ते बंद हो जाते हैं तो भी एक रास्ता खुला रहता है-
बुद्धि का रास्ता-
और इस रास्ते पर चलने वाले को कोई भी रुकावट रोक नहीं सकती-

आऽऽऽह! स्केट्स की स्पीड और इन क्रेटों के कवच ने मुझको सुरक्षित बाहर निकाल दिया! पर अब तक रॉबिन हुड भाग चुका है और इस फैक्ट्री के साथ-साथ यहां पर मौजूद सारे सुबूत भी तबाह हो गए हैं!
अब इस फैक्ट्री के असली मालिक का नाम सिर्फ मेरे दिमाग में है और वह उस दुष्ट को कानून न सजा दिलवाने के लिए काफी नहीं है!
मुझको धनवंतरी के दूसरे ठिकानों की तलाश करनी होगी! ताकि वहां से मैं धनवंतरी के खिलाफ सुबूत हासिल कर सकूं!
धनवंतरी पर ध्रुव का शिकंजा कस रहा था-
पर धनवंतरी को उस शिकंजे का एहसास तक नहीं था-
तू सच कह रहा है? ये तूने अपनी आंखों से देखा था?
यस बॉस! आपका काम उस रॉबिन हुड ने कर दिया!
ध्रुव तो अब तक जलकर मर भी चुका होगा! अब उसको भूल जाओ!
शशश! मेट्रो न्यूज में कुछ खास आ रहा है!
लाइव मेट्रो न्यूज में आपका स्वागत है! सबसे पहले खास खबर! अभी कुछ देर पहले राजनगर में नकली दवाई बनाने वाली एक फैक्ट्री को वहीं के कर्मचारियों ने तबाह कर दिया। ऐसा उन्होंने वहां पर सुपर कमांडो ध्रुव के पहुंच जाने के कारण किया।

अभी सुपर कमांडो ध्रुव हमारे संवाददाता असीम कुमार के साथ घटनास्थल पर ही मौजूद हैं! अब हम आपको सीधे ले चलते हैं असीम कुमार के पास!
हैं!
यानी सुपर कमांडो ध्रुव अभी तक जिन्दा है!
इसकी किस्मत तेज है! वर्ना रॉबिन हुड ने तो इसको मार ही डाला था!
भारती चैनेल की मेट्रो न्यूज में आपका स्वागत है ध्रुव! क्या आप बताएंगे कि ये पूरा हादसा कैसे हुआ?
इस फैक्ट्री में नकली दवाईयां बनती थीं! मैं इसी के सुबूत लेने के लिए फैक्ट्री में गया था। पर मुझे रोकने की मंशा से इस फैक्ट्री के नकली मालिक ने इस फैक्ट्री में खुद ही आग लगा दी और फरार हो गया!
LIVE
RAJNAGAR
STUDIO
नकली मालिक? यानी इस फैक्ट्री का असली मालिक कोई और है? कौन है वह?
मैं उसका नाम तो जान गया हूं पर इससे ज्यादा कुछ भी मैं पक्के सुबूत मिलने के बाद ही कहूंगा! नमस्कार!
ओफ्‌! ध्रुव मेरा नाम जान गया है! अब देर-सबेर वह मुझ तक पहुंच ही जाएगा! तुम मुझसे मिलना तुरन्त बंद कर दो सूद! क्योंकि ध्रुव तुम दोनों को पहचान चुका है! ये पैसे पकड़ो और शहर छोड़ कर भाग जाओ, तुरंत!
ये दोनों तो गए बॉस! अब अगर आपके पास ध्रुव के लिए कोई दवाई नहीं है तो समझो कि आप भी गए! अगर उसको हमारी एक फैक्ट्री का पता है तो बाकी फैक्ट्रियों के बारे में भी जरूर पता होगा!
आप कहें तो सारी फैक्ट्रियां मामला ठंडा होने तक बंद करवा दूं! क्योंकि हमारी तो हर फैक्ट्री में नकली या मिलावटी काम ही होता है!
नहीं! ऐसे तो अगर ध्रुव को हमारी फैक्ट्री के बारे में पता नहीं होगा, तो भी पता चल जाएगा! सिर्फ वहां से मुझसे संबंधित सारे सुबूत हटा लो! बस मुझको एक बात समझ में नहीं आ रही है! ध्रुव ने टी. वी. वालों से बातचीत में रॉबिन हुड का जिक्र क्यों नहीं किया!

क्यों नहीं किया बॉस?
ये तो पता नहीं! लेकिन ये हमारे फायदे की बात हो सकती है! तुम रॉबिन हुड तक हमारी फैक्ट्रियों का पता पहुंचा दो और यह भी बता दो कि वहां पर अमीरों ने गरीबों का खून चूस-चूसकर लाखों रुपया इकट्ठा करके रखा है!
इससे क्या होगा बॉस? सिर्फ घाटा होगा! अभी कम घाटा हुआ है जो आप और घाटा करना चाहते हैं!
घाटा नहीं, फायदा बोल सिरप फायदा!
शीशी का ढक्कन खोल कर जरा समझाओ बॉस?
सुन! हमारी खबर पाकर रॉबिन हुड वहां पर हमें लूटने आएगा और फिर हम वहां पर ध्रुव को बुला लेंगे!
ध्रुव रॉबिन हुड को रोकने की कोशिश जरूर करेगा! और रॉबिन हुड के बारे में जो सूद ने हमको बताया है वह अगर सच है तो रॉबिन हुड ध्रुव को हमारे रास्ते से जरूर हटा देगा!
और हमारा ध्रुव से पीछा हमेशा के लिए छूट जाएगा!
ध्रुव को मारेगा रॉबिन हुड और खुद मरेगा पुलिस के हाथों! क्योंकि हम पुलिस को भी वहां पर बुला लेंगे!
ये स्कीम तो अच्छी है बॉस! बस एक दिक्कत है!
रॉबिन हुड तक मैं खबरें पहुंचाऊंगा कैसे?
दिमाग लगा! सोच की गोली खा सिरप! सोच कि रॉबिन हुड इतनी सारी फैक्ट्रियों में से हमारी फैक्ट्री में ही क्यों आया?
उसको कैसे पता चला कि हमारी फैक्ट्री में कैश भरा पड़ा है!
उस फैक्ट्री के कर्मचारी या मजदूरों में से कोई रॉबिन हुड से मिला हुआ है!
बिल्कुल सही! उस फैक्ट्री के अधिकतर मजदूर वे विस्थापित तिब्बती हैं जो फैक्ट्री के पास की तिब्बती कालोनी में रहते हैं! वहीं जा और खबर उड़ा दे!
अरे वाह! जरा सा अफवाह का बाम और ध्रुव के सिरदर्द में जिन्दगी भर का आराम!
मैं चला ध्रुव का इलाज शुरू करने बॉस!

ध्रुव के दिमाग में भी उथल-पुथल चल रही थी-
पता नहीं मैं रॉबिन हुड की बात को छुपाकर सही कर रहा हूं या नहीं! लेकिन उसकी बातों से मुझको ऐसा लगा कि वह ऐसा आपराधिक कार्य गरीबों की भलाई के लिए कर रहा है!
यह उसका पहला अपराध था! अगर वह गिरफ्तार होकर जेल चला गया तो एक पक्का अपराधी बन जाएगा! मुझे उसको ऐसा करने से रोकना होगा!
और ऐसा करने के लिए पहले मुझे उसको ढूंढ़ना जरूरी है! लेकिन यह पता कैसे चलेगा कि रॉबिन हुड है कौन? और वह मिलेगा कहां पर?
ध्रुव को यह पता नहीं था! लेकिन उसके दूसरे सवाल का जवाब था-
राजनगर की सीमा में स्थित तिब्बती कालोनी-
WANG-CHUK STORE
यहां पर वे तिब्बती रहते हैं जो तिब्बत पर चीन द्वारा कब्जा करने के कारण भागकर भारत के विभिन्न नगरों में आ बसे थे-
अपनी जमीन से कट जाने के कारण इनकी जीविका के साधन छिन गए और ये गरीबी की जिन्दगी बिताने के लिए मजबूर हो गए हैं-
इनकी ये गरीबी औरों तक की आंखें गीली कर सकती है! फिर सोचिए तो जरा कि इनके अपनों के दिल पर क्या बीतती होगी!
अपने आपको संभालो, लिंगदोह! मैं जानता हूं कि तुम पर हम पर क्या बीत रही है! पर सोचने से कुछ नहीं होगा!

तुमने अपनी तरफ से तो पूरी कोशिश की न!
कोशिश तो आपने भी की कोच डांग! आपने मुझको तीरंदाजी के एक-एक गुर सिखाए! पर हुआ क्या? मैंने 'वर्ल्ड आर्चरी मीट' के लिए हिन्दुस्तान की तरफ से क्वालीफाई भी कर लिया! ट्रेनिंग कैम्प में मेरा एक भी निशाना नहीं चूका!
लेकिन फिर भी मैं 'वर्ल्ड आर्चरी मीट' के लिए जिनेवा नहीं जा सकता, क्योंकि मेरे पास पासपोर्ट में वीसा लगवाने तक के पैसे नहीं हैं! गरीब इस दुनिया में कुछ भी नहीं कर सकता कोच!
ये तो किस्मत का खेल है लिंग दोह! तुम अपने दुख से दुखी हो तो अपने चारों तरफ देखो! ये हमारी कॉलोनी के लोग जो कल तक दवाई की फैक्ट्री में काम करके अपना गुजारा कर लेते थे, अब भूखों मरेंगे!
क्योंकि फैक्ट्री को आग की लपटों ने राख में बदल दिया है!
तुम देख लेना जिसने भी यह काम किया है बुद्ध उसको कभी माफ नहीं करेंगे! दंड देंगे उसको!
पर हां! कल रात तुम कहां थे मुझको पता चला कि कल रात को तुम घर ही नहीं आए!
हां, कोच! कल रात भर मैं यही सोच रहा था कि अमीर, अमीर क्यों है और गरीब गरीब क्यों?
और ऐसा क्या किया जा सकता है जिससे कि गरीब और गरीब न होते जाएं और अमीर और पैसे वाले न बनते जाएं!
दोनों में समानता लाने का एक फार्मूला निकाल रहा था मैं!
कैसा फार्मूला? अरे हां जानते हो कल दवाई की फैक्ट्री में तुम्हारी जैसी ही सोच रखने वाला एक शख्स आया था! रॉबिन हुड नाम रखा था उसने अपना! मुझे फैक्ट्री में काम करने वालों ने बताया है!
आऽऽऽ
क्या हुआ बाबा?
अरे, क्या होगा? रोज तो आधा पेट ही खाता था, अब फैक्ट्री बंद होने से वह भी बंद हो गया! कमजोरी से चक्कर खाकर गिर गया होगा!
आज बाबा गिरा है! कल हम सब भी ऐसे ही गिरेंगे!

अरे सुनो! अभी-अभी क्या खबर मिली है! यहां हम भूख से मर रहे हैं, और यहीं पास की एक अनाज फैक्ट्री से दो नंबर के गेंहू को ब्लैक मार्केट में भेजा जा रहा है! खबर है कि गेंहू से भरे कई ट्रक आधे घंटे में फैक्ट्री से निकलेंगे!
हमें तुरंत पुलिस को खबर कर देनी चाहिए!
रुक जाओ लिंगद्रोह! जोश में कानून को अपने हाथ में मत ले लेना!
लिंगद्रोह पर सिर्फ कोच की ही नजर नहीं थी-
नहीं! उस अनाज पर हमारा भी हक है! उसे हम जैसे गरीबों का हक मार-मारकर ही इकट्ठा किया गया है!
वह अनाज हम जैसे गरीबों में बंटेगा! मैं जा रहा हूं उस फैक्ट्री के मालिक से बात करने!
बल्कि किसी और की भी नजरें उस पर गड़ी हुई थीं-
यही है जिसकी मुझे तलाश थी! और अब इसको मुझे दूसरा अपराध करने से रोकना होगा!
इन्सानियत के नाते मैंने इसके पहले अपराध को तो नजरअंदाज कर दिया!
पर इसके दूसरे अपराध को मैं कानूनन नजरअंदाज नहीं कर सकता!

रुक जाओ, लिंगद्रोह! तुम यहां से आगे नहीं जा सकते!
ध्रुव! तुम... तुम यहां पर? तुमको मेरा रास्ता रोकने की भला क्या जरूरत पड़ गई?
क्योंकि मैं तुमको दूसरा अपराध करने से हर हाल में रोकना चाहता हूं!
वेट वेट वेट! दूसरा अपराध? और तुम मेरा नाम कैसे जानते हो? क्या चाहते हो तुम मुझसे?
ओह! तो मिस्टर लिंगद्रोह को मेरी बात समझ में नहीं आ रही है तो मैं तुम्हारे अंदर छिपे दूसरे शख्स से बात करता हूं! जिस शख्स का नाम है रॉबिन हुड!
तुम्हारा दूसरा रूप!
व्हॉट शिट! कौन है ये रॉबिन हुड! तुम कैसे कह सकते हो कि मैं ही रॉबिन हुड हूं!
जैसा निशाना रॉबिन हुड के धनुष का था वैसा निशाना कोई अंतर्राष्ट्रीय क्वालिफायर ही लगा सकता है! तुम्हारा नाम मैंने क्वालिफायर्स की लिस्ट में देखा था!
और जब मुझे पता चला कि तुम उसी फैक्ट्री के पास की तिब्बती कालोनी में रहते हो तो शक की कोई गुंजाइश ही नहीं रही!
बकवास मत करो! हट जाओ मेरे रास्ते से! वर्ना अनाज से भरे ट्रक फैक्ट्री से निकल जाएंगे और मुझको वह अनाज हर कीमत पर अपने गरीब भाइयों के पेट तक पहुंचाना है!
टं:न
ओह! वही फुर्ती है! एक पल में ही धनुष तानकर बाण चला भी दिया! और वह भी सीधा निशाने पर!

धनुष एक खतरनाक हथियार है। लेकिन इसमें एक कमजोरी होती है। बगैर डोरी के ये काम नहीं कर सकता।
ठंग
कट्ट
ये गई तुम्हारी डोरी।
और ये गया तुम्हारा जबड़ा।
तड़ाक
खबर पहुंचाकर वापस जाता हुआ सिरप ये देखकर चौंक उठा-
अरे! तीर कमान हाथ में और टक्कर ध्रुव से! ये शख्स जरूर रॉबिन हुड ही है। पर शायद सही पोशाक में न होने के कारण इसका मूड और कंसंट्रेशन बन नहीं पा रहा है।
ऐसे तो ध्रुव इसको पीटता हुआ जेल तक ले जाएगा! मुझे इसको बचाना होगा।
ताकि ये संभलकर बाद में ध्रुव को मार सके।
हेलो पीटर! तुम्हारे आदमी तुम्हारे साथ हैं, गाड़ी में हैं?
गुड! अब ध्यान से सुनो।
और फिर-
अब बताओ! इस बार तुम किन गरीबों का भला करने जा रहे थे? और कहां जा रहे थे?
कमाल है! तुम कैसे जानते हो कि मैं गरीबों का भला करने जा रहा था? लकी गेस न?
ज्यादा बनने की कोशिश मत करो! शुक्र मनाओ कि मैंने तुमको अपराध करने से पहले ही रोक लिया।
वर्ना इस वक्त तुम हवालात के रास्ते पर जा रहे होते।

तड़ाक

लगता है तुम भी अमीरों के ही साथी हो, वर्ना गरीबों के दुख तुमको तुरंत दिख जाते और तुम मेरा रास्ता रोकने की कोशिश न करते!

पर आज तुम तो क्या, मेरा रास्ता यमराज भी नहीं रोक सकते!

मैं गरीबों तक वह अनाज जरूर पहुंचाऊंगा जो ट्रकों के जरिए ब्लैक मार्केट तक पहुंचाया जा रहा है, जहां से सिर्फ तुम्हारे जैसे अमीर ही उसे खरीद सकते हैं!

नहीं! रुक जाओ लिंगदोह! आज मैं तुम्हारा रॉबिन हुड का कैरियर यहीं और अभी खत्म करके ही मानूंगा!

स्टार लाइन लिंगदोह के पैर से लिपट गई-

अब लिंगदोह कहीं भाग नहीं सकता था-

जब तक कि उसको स्टार लाइन से छुटकारा न मिल जाता-

जो उस गोली ने उसको दिला दिया-

HOHL HAIR DRESS

और लिंगदोह को भागती वैन के अंदर खींच लिया गया-

आऽऽऽह!

घबराओ मत! हम तुम्हारे साथी हैं!

गरीबों के दोस्त और अमीरों के दुश्मन! वैन और तेज चलाओ पीटर!

ओ. के. सिरप बॉस!

लिंगद्रोह को मैंने कम आंका था! यह तो शायद अपने साथियों के साथ आया था, ताकि मौका मिलने पर मदद ले सके!
लेकिन ये मुझसे बचकर नहीं जा सकता!
ओऽऽऽ! ये तो पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रहा है! कुछ करो रॉबिन हुड!
खत्म कर दो गरीबों के इस दुश्मन को!
रॉबिन हुड! खैर! मैं ध्रुव को खत्म करने में फिलहाल इंटररेस्टड नहीं हूं!
ह... हां हां! हम तो वहीं जा रहे हैं!
मुझे गरीबों का पेट भरना है! मुझे जल्दी से जल्दी भोगराज चावल मिल पहुंचाओ!
लेकिन इस ध्रुव से पीछा कैसे छुड़ाएं?
ये तो हमको वहां तक पहुंचने ही नहीं देगा!
लो फोन आ गया!
हां, धनवंतरी बॉस! आप भोगराज चावल मिल में ही हैं न!
क्या मतलब? तुम लोग पहले से वहीं जा रहे थे? कौन हो तुम लोग?
तुम्हारे दोस्त हैं। और जो खबर तुमको मिली है, वह हमको भी मिल चुकी है! तुमसे पहले!
मैं तो यहीं हूं! पर तू कहां है? खबर फैलाई भी या नहीं?

उससे भी बड़ा काम हो गया है बॉस! हमने रॉबिन हुड को ही अपने साथ ले लिया है। लेकिन ध्रुव भी यहां पर पहुंचकर हमारे पीछे पड़ गया है! वह तो हमको मिल तक पहुंचने ही नहीं देगा!

तो हमारा मेन काम भी तो ध्रुव को रॉबिन के हाथों से मरवाना ही है। वहीं पर काम तमाम करवा दे उसका!

यही तो प्रॉब्लम है बॉस! वह ध्रुव का काम तमाम करने में इंटरेस्टेड बिल्कुल नहीं है!

और अभी तो वह अपनी ड्रेस में भी नहीं है!

यानी वह ध्रुव का काम तमाम तभी करेगा जब ध्रुव उसके काम में टांग अड़ाएगा। और यह काम तभी होगा जब ध्रुव रॉबिन हुड को अनाज से भरे ट्रक को लूटने से रोकेगा। ठीक है। मैं तुम्हारे मिल तक सही-सलामत पहुंचने का इंतजाम करता हूं!

किस गाड़ी में है तू ये बता... सफेद वैन में?

ध्रुव लगातार भागती हुई वैन के पीछे लगा था-

ठीक है। मैं दो मिनटों में ध्रुव से तेरा पीछा छुड़वा देता हूं। तू मिल लंबे रास्ते से आ। वैन को उल्टी तरफ मोड़ ले!

ओ. के. बॉस!

पता नहीं इस बार हमारे धनवंतरी बॉस ने इस बीमारी का क्या इलाज निकाला है।

मैं इस वैन को आराम से रोक सकता हूं। लेकिन मैं ये देखना चाहता हूं कि ये वैन आखिर कहां जाकर रुकती है। क्योंकि... अरे!

वैन तो 'यू-टर्न' लेकर वापस जा रही है!

कहानी 35 पेज से आ

राज कॉमिक्स में सुपर कमाण्डो ध्रुव और डोगा का विस्फोटक विशेषांक

पर ये वापस क्यों आ रही है ? नहीं! अब ये दूसरा रास्ता पकड़ रही है!
ये वैन आखिर जाना कहां चाहती है!
ओ! समझा! ये उस लंबे 'अंडरपास' में घुसकर मुझसे बचना चाहते हैं! क्योंकि ये जानते हैं कि अंडरपास में मैं स्टार लाइन पर झूलता हुआ नहीं घुस पाऊंगा!
लेकिन मेरे पास सिर्फ स्टार लाईनें नहीं, शू-स्केट्स भी है!
ध्रुव, स्केट्स पर वैन का पीछा तो कर सकता था-
और उनकी मदद से मैं इस अंडरपास में भी इस वैन का पीछा कर सकता हूं! ओह!
लेकिन फिलहाल उसको यह तय करना था-
कि वह किस वैन का पीछा करे-
ओ! यहां पर तो वैसी पांच वैनें हैं! और सबके नंबर एक जैसे ही हैं! चार वैनें जरूर इस अंडर पास के अंदर इंतजार कर रही होंगी!

और अंडरपास से निकलने के बाद ये वैनें अलग-अलग रास्तों पर जा रही हैं!

ध्रुव सोचता ही रह गया-

मैं पीछा करूं तो किस वैन का?

और सभी वैन आंखों से ओझल हो गईं-

बड़ाम
मैंने कहा रुक जाओ! अब ये ट्रक वहां नहीं जाएंगे जहां पर तुम इनको ले जा रहे हो!
बल्कि अब ये वहां जाएंगे जहां पर मैं इनको ले जाना चाहता हूं!
ओए! तू है कौन? प्राइम मिनिस्टर है क्या? हमको तो पुलिस भी छू नहीं सकती! फिर तू क्या चीज है?
रॉबिन हुड!
तू जो भी है, अब अपना कच्चा चिट्ठा ऊपर वालों को ही सुनाना! क्योंकि मालिक का सीधा ऑर्डर है!

कि जो रास्ते में आए उसे उड़ा दो!

धनवंतरी बॉस देखते ही रहोगे क्या? रॉबिन हुड तो आ गया है! अब ध्रुव को बुलाओगे या नहीं?

मैसेज भेजा जा चुका है! ध्रुव के कमांडो हेडक्वार्टर में यह खबर पहुंचा दी गई है।

लेकिन फिर भी मुझे लग रहा है कि यह बीमारी इसी एक गोली से नहीं जाएगी!

दो दवाइयों का मिक्सचर देना पड़ेगा! तू जाकर दूसरी दवाई का इंतजाम कर।

दूसरी दवाई?

हां सिरप! तू पास वाली भूखमरों की झुग्गी बस्ती में जा और खबर उड़ा दे कि रॉबिन हुड उनका अनाज से पेट भरना चाहता है!

पर अमीरों का रखवाला ध्रुव उसको ऐसा करने से रोक रहा है!

पिंग

पिंग

ध्रुव परेशान था-

इस रॉबिन हुड के चक्कर में मैं उस नकली दवाई की फैक्ट्री के असली मालिक धनवंतरी के खिलाफ सबूत जुटा ही नहीं पा रहा हूं!

और मुश्किल यह है कि मैं रॉबिन हुड का पता भी नहीं लगा पा रहा हूं। एक ही रास्ता है! मैं अपने दोस्तों पशु और पक्षियों को इस काम पर लगाता हूं।

ओह! मैसेज आ रहा है!

कैप्टेन! रॉबिन हुड का पता मिल गया है!
कहां पर है वह?
कुछ ही पलों बाद-
आज मैं रॉबिन हुड की कहानी खत्म करके ही रहूंगा। वर्ना मैं रॉबिन हुड के पीछे ही भागता रहूंगा!
और उधर धन्वंतरी भागने का रास्ता तलाश कर लेगा!
ध्रुव की तलाश दो थी। पर मंजिल एक ही थी-
मैंने तुमको एक सीधा-सादा ऑफर दिया था। लेकिन तुमने मामले को उलझा दिया। अब तुमको या ट्रकों को तो मैं नुकसान पहुंचा नहीं सकता!...
...क्योंकि ट्रकों को चलकर झुग्गी बस्ती में जाना है...
...और तुम लोगों को उन्हें चलाकर वहां तक ले जाना है!

इसीलिए मैं तुम लोगों को थोड़ा सा सबक दूंगा! ताकि तुम लोगों के दिमाग में मेरी बात अच्छी तरह से धंस जाए!
तीर कब चले और बंदूकें कब हाथ से छूटी ये किसी को पता नहीं चला-
किसी को भी रॉबिन हुड ने वार करने का मौका ही नहीं दिया-
कुछ ही देर में सारे हमलावर किसी न किसी तरह से बेबस हो चुके थे-
अब बताओ! ट्रक चलाकर बस्ती तक ले जाने के बारे में क्या ख्याल है?
बेड़ाम
कभी नहीं!
थोड़ी सी समझ और भरनी पड़ेगी तुम सबके भेजों में!
बूमरैंग के आकार का वह तीर हमलावरों को लोहे के तार में जकड़ता चला गया
और तार का दूसरा सिरा बिजली के नंगे तार के ऊपर जा गिरा-

और हमलावरों के होश ठिकाने आ गए-
आऽऽऽह! बंदऽऽऽ बंदऽऽऽ करोऽऽऽऽ हम करेंऽऽऽट को! हमऽऽऽऽ तैयाऽऽऽर हैं!
देखा, जरा सा झटका देते ही तुम्हारा दिमाग सही ठिकाने पर आ गया!
शाबाश! अभी मैं तुमको आजाद करता हूँ! फिर बैठना अपने-अपने ट्रकों पर और चलना मेरे पीछे-पीछे!
ये सचमुच तुम्हारे पीछे-पीछे जाएंगे...
... हवालात तक! ये अंदर जाएंगे ब्लैक मार्केटिंग करने के जुर्म में!
और तुम अंदर जाओगे इस शहर की शांति को भंग करने के जुर्म में!
ध्रुव! तुम हर बार मेरा रास्ता काटने के लिए क्यों आ जाते हो? तुम्हारे रहते मैं गरीबों का भला नहीं कर सकता!
इसीलिए मुझको पहले तुम्हारा पेट फाड़ना पड़ेगा! ताकि गरीबों के पेट खाली न रहें!
आऽऽऽऽह!
इस बार यह पहले से ज्यादा तैयारी के साथ आया है!

वाह! आ गया ध्रुव! सुनो पीटर, सिर्फ पास वाली झुग्गी बस्ती के भुक्खमरों को बुलाने के लिए गया है। तुम भी नीचे जाओ और भीड़ के यहां पर आते ही उस भीड़ में शामिल हो जाओ! तुम्हारा काम होगा उस भीड़ को ध्रुव को मारने के लिए उकसाना!
ओ. के. बॉस!
ध्रुव शातिर विलेनों के हमलों से तो बच सकता है पर पागल भीड़ के हमले से कभी नहीं बच सकता।
आज ध्रुव नाम की यह बीमारी मेरी जिन्दगी से दूर होकर ही रहेगी! या तो रॉबिन हुड इसकी जान ले लेगा। और अगर रॉबिन हुड इससे पिट गया तो भुक्खमरों की भीड़ इसको पीट-पीटकर मार डालेगी!
ही ही ही!
आगे का सीन देखता हूं!
रॉबिन हुड मैं तुमको आखिरी चेतावनी दे रहा हूं! कानून को अपने हाथों में मत लो! तुम्हारा मेरा या पुलिस का काम सिर्फ मुजरिमों को कानून की चौखट तक पहुंचाना है! सजा देना या छोड़ देना तो अदालत का काम है!
टंग टंग
जिन गरीबों के पास पेट भरने के लिए अनाज नहीं है! उनके पास मुकदमा लड़ने के लिए भला पैसे कहां से आएंगे। पहले मैं उनका पेट भर दूं, फिर उनको अदालत के दर्शन भी करा दूंगा!
टंग टंग टंग टंग
अब अगर तुमको स्वर्ग के दर्शन नहीं करने हैं तो मेरे काम में टांग मत अड़ाओ!
तुम्हारा निशाना अच्छा जरूर है रॉबिन हुड! पर ये तीर मुझको नुकसान तभी पहुंचा सकता है जब ये मुझ तक पहुंच पाए!
अच्छा किया जो बता दिया! अब मैं तुम पर उस शस्त्र का वार करूंगा जिसको तुम्हारे हथियार रोक नहीं सकते!

ह! इस बाण के आगे आंखों में जलन पैदा करने केमिकल 'मेस' का स्प्रे फिट मेरी आंखों में तेज जलन हो है! मैं कुछ देख नहीं पा रहा हूं!
धड़ाम
इस वक्त अगर मैं चाहूं तो तुमको तुरंत यमलोक भेज सकता हूं!...
... पर मैं ऐसा करूंगा नहीं! क्योंकि मैं अपराधी नहीं हूं! अब मैं यहां से सिर्फ वह ले जाऊंगा जो मैं लेने आया हूं!
मुझको पांच ट्रकों की रूरत नहीं है! मेरे लोगों काम सिर्फ एक ट्रक में भरे नाज से ही चल जाएगा!
ये क्या हो रहा है? रॉबिन हुड बगैर ध्रुव को मारे ही भाग रहा है!
और अभी तक सिरप का बच्चा उन भुखमरों को लेकर यहां तक आ नहीं पाया है!
ओफ्! अरे ध्रुव तू इतना कमजोर कब से हो गया! कुछ सोच! रोक अपनी मौत को दूर भागने से रोक!
ध्रुव से बचकर भागना आसान नहीं था-
योंकि ध्रुव की हारों आंखें थीं-
और अनगिनत मददगार थे-
जो ध्रुव की एक पुकार पर-
र्र्र्र्र! भौं भौं!
गर्र्र्र्र

अपनी जान तक को दांव पर लगा सकते थे-
आऽऽऽह!
छनाक
कुत्ते ने रॉबिन हुड को ट्रक को आगे बढ़ाने से तो रोक लिया
लेकिन खुद आगे नहीं बढ़ पाया-
ठक
तुमने मुझे एक ट्रक ले जाने से रोक लिया तो क्या हुआ, ध्रुव? यहां पर चार ट्रक और हैं, और उनको ले जाने से मुझको रोकने वाला कोई नहीं है! क्योंकि तुम अभी भी कुछ देख नहीं सकते और यहां पर तुम्हारा और कोई पशु दोस्त है नहीं!
पशु न सही, रॉबिन हुड, पर पक्षी तो हैं...
चींऽऽऽ चीं!
चीं चीं चींऽऽऽ
और ये मुझको तुम्हारी स्थिति के बारे में बता रहे हैं!
जैसे इस चिड़िया ने मुझको अभी बताया है कि तुम मेरे बाईं तरफ मुझसे दस फुट की दूरी पर खड़े हो!
बिंगो! एक सही निशाने पर!
तुम शायद अपनी वह पिछली शिकस्त भूल गए हो ध्रुव, जो मैंने तुमको दवाई फैक्ट्री में दी थी। वहां पर तो तुम बच गए लेकिन हर बार किस्मत तुम्हारा साथ नहीं देगी!
सुनो, तुम्हारी मौत तुम्हारी तरफ आ रही है!

ये देखो! वो रहा ध्रुव! जो तुम्हारा पेट भरने की कोशिश करने वाले रॉबिन हुड को रोक रहा है!
जो हमारे बीवी बच्चों को भूखा मारने की कोशिश करेगा वह हमारा दुश्मन है!
और अपने दुश्मन को हम ज़िन्दा नहीं छोड़ेंगे!
मार डालेंगे हम ध्रुव को!
मारो, मारो!
हा हा हा! मिशन कामयाब रहा! अब हम ध्रुव की बोटी-बोटी अलग होते हुए अपनी आँखों से देखेंगे!
मरेगा ध्रुव, मारेगी भीड़, नाम लगेगा रॉबिन हुड का और कहकहे लगाऊंगा मैं!
ध्रुव शायद सैकड़ों की भीड़ के हमले में खुद बच नहीं सकता था-
अगर वह आवाज न गूंजती-
रुक जाओ! हम हत्यारे नहीं हैं! हम किसी की भी जान नहीं लेंगे!
हम सिर्फ ये अनाज लेकर यहां से चुपचाप चले जाएंगे!
रॉबिन हुड हमारा ही रो है! हम इसकी बात जरूर मानेंगे!
ये अनाज लूटकर तुम सब कानून का उल्लंघन कर रहे हो! मैं तुमको ऐसा नहीं करने दूंगा!
ये रॉबिन हुड क्या कर रहा है? अपने दुश्मन को जिन्दा क्यों छोड़ रहा है?
प्लान में चेंज करना पड़ेगा! भीड़ में मौजूद सिरप से संपर्क साधना होगा!

कुछ ही पलों बाद-
रॉबिन हुड, लो बात करो!
मैं? किससे बात करूं? आखिर तुम हो कौन?
सब पता चल जाएगा! बात तो करो!

बात सुनते ही रॉबिन हुड की आंखें चौड़ी हो गईं-
और-
अरे! रॉबिन हुड फैक्ट्री के अंदर क्यों जा रहा है! क्या इसको और अनाज की तलाश है!
ओफ्! मैसेज आ रहा है!

कैप्टेन, करीम हियर! तुमने हमको रॉबिन हुड को खोजने के लिए कुछ सूत्र बताए थे! उनमें से एक यह भी था कि रॉबिन हुड का पिता कुछ दिनों पहले ही गुजरा है! पर लिंग दोह का पिता तो उसके बचपन में ही गुजर चुका है! जिसका पिता गुजरा है, वह है...
समझा! यानी लिंगदोह रॉबिन हुड नहीं है! फिर वह है कहां!
ओफ्! वह रही सफेद वैन जिसमें लिंगदोह बैठा था!
यानी वह इसी फैक्ट्री के अंदर है! और सिचुएशन बता रही है कि वह मुसीबत में है!

ध्रुव फैक्ट्री में घुसने के लिए आगे बढ़ा तो जरूर लेकिन अंदर घुस नहीं पाया-
रुक जा ध्रुव! कहां जा रहा है?

तेरी हरकतों से लग रहा है कि तू मेरे काम में तब तक टांग अड़ाता रहेगा जब तक तू जिन्दा रहेगा!
तूने मुझको अपना निर्णय बदलने पर मजबूर कर दिया है!

दोस्तों! खत्म कर दो ध्रुव को! पीट-पीट कर मार डालो इसको!

मारो! मारो!

रॉबिन हुड का आदेश हमारे लिए भगवान का आदेश है!

चीर डालो ध्रुव को!

असंख्य हाथ और पैर ध्रुव की हड्डियां तोड़ने के लिए बेताब हो रहे थे-

रॉबिन हुड खुद भी इस हमले से बच नहीं पा रहा था-
ओफ़! हुश, हुश! ध्रुव कहाँ गया? आदमियों, चिड़ियों और कुत्तों की भीड़ में वह नजर ही नहीं आ रहा है! पर वह जाएगा कहां? इसी भीड़ में कहीं पर छुपा होगा!
रॉबिन हुड का ख्याल गलत था-
ध्रुव, फैक्ट्री के अंदर पहुंच चुका था-
रॉबिन हुड इसी खिड़की से अंदर घुसा था! और जब वह बाहर आया तो मुझे जिन्दा छोड़ने वाला उसका ख्याल बदल चुका था! अंदर जरूर कुछ ऐसा था जिससे उसको अपना ख्याल बदलने पर मजबूर होना पड़ा!
और वह कारण लिंगदोह भी हो सकता है!
वह रहा लिंगदोह! खंभे से बंधा हुआ! और उसके साथ में कोई और भी है! पर इनको बांधा किसने और क्यों?
खैर, मैं अभी इनको खोलता हूं!
आऽऽऽह! थैंक गॉड! तुम वक्त पर आ गए ध्रुव, वरना न जाने हमारा क्या हाल होता! आई एम सॉरी कि मैंने तुमसे बदतमीजी की!
कोई बात नहीं लिंगदोह! पर तुम्हारे साथ ये कौन है?
मेरे कोच!
ओह! तुम्हारे तीरंदाजी के कोच! यानी...

... असली रॉबिन हुड!

व्हाट!

तो तुम समझ गए हो ध्रुव! पर तुमने मुझको पहचाना कैसे?

मैंने उस नकली दवाई की फैक्ट्री के पास मौजूद हर बस्ती में ऐसे संदेहास्पद लोगों की लिस्ट बनाई थी जो अच्छे तीरंदाज थे। क्योंकि सटीक तीरंदाजी रॉबिन हुड बनने की पहली शर्त थी!

एक लिंगदोह था, दूसरे तुम थे और बाकी दो आदिवासी थे जो अपने काले शरीर को चाहकर भी गोरा नहीं बना सकते थे!

पहला शक मुझे लिंगदोह पर था क्योंकि वह गर्म खून वाला जवान भी था और अच्छा तीरंदाज भी था! पर इसके पिता बचपन में ही गुजर गए थे!

जबकि दवाई फैक्ट्री में तुमने रॉबिन हुड के रूप में मुझको बताया था कि समुचित इलाज के अभाव में तुम्हारे पिता ने कुछ दिनों पहले ही दम तोड़ा था!

पर... पर कोच तुम!

बस इसी क्लू ने मुझको तुम तक पहुंचा दिया!

बाद में बताऊंगा लिंगदोह! पर पहले नीचे देखो! ध्रुव ने ठीक ही कहा था!

रॉबिन ने बस्ती वालों को लूटने का मौका देकर वहशी बना दिया है! इनके अंदर छिपी आपराधिक प्रवृत्ति को भड़का दिया है! मैं मानता हूं कि मेरा तरीका गलत था ध्रुव!

यस कोच! सही तरीका है इनको उचित तनख्वाह की नौकरियां देना! और इसके लिए मैं दवाई की फैक्ट्री को फिर से चालू करवाऊंगा! बस इस बार उसमें न तो तनख्वाहें कम दी जाएंगी और न ही उसमें नकली दवाईयां बनेंगी!

पर तुम दोनों यहां पर कैसे आए?

और ये नकली रॉबिन हुड कौन है?

मुझको तो कुछ आदमी जबरदस्ती वैन में बिठाकर यहां ले आए! शायद उनको भी यही शक था कि मैं ही रॉबिन हुड हूं!
लेकिन रास्ते में ही उनके पास मैसेज आ गया कि रॉबिन हुड अनाज के भरे ट्रकों को रोकने के लिए आ गया है! ये समझ गए कि मैं कोई और हूं! और इन्होंने मुझे फैक्ट्री में बांध दिया!
इसको बांधने वाले ये जानते थे कि रॉबिन हुड लिंगद्रोह की बस्ती का ही कोई आदमी है! इसलिए इसकी जान की धमकी देकर मुझको ब्लैकमेल किया गया! मुझे मोबाइल पर फैक्ट्री की तरफ देखने को कहा गया जहां पर एक खिड़की में कोई इसकी गर्दन पर चाकू रखकर खड़ा था! मुझे अंदर बुलाया गया, पर फैक्ट्री में पहुंचते ही मुझे भी पोशाक उतरवाकर बांध दिया गया और मेरी पोशाक पहनकर मुझको बांधने वाला नीचे चला गया! क्यों, यह मुझको नहीं पता!
मैं समझ गया! तुम्हारा इस्तेमाल किया गया है कोच! तुमको अनाज की खबर देकर यहां बुलवाना एक चाल थी! मुझको भी बुलवाया गया था! ताकि हम दोनों में भिड़ंत हो और तुम मुझे मार डालो! पर तुमने ऐसा नहीं किया! तब षड्यंत्रकारी खुद रॉबिन हुड बनकर घटनास्थल पर आ गया, और भीड़ को मुझे मारने के लिए उकसाया!
पर ये षड्यंत्रकारी कौन हो सकता है?
इस वक्त एक ही आदमी को मुझसे खतरा है! और वह है धनवंतरी!
ये फैक्ट्री भी उसी की होगी और वही रॉबिन हुड बना हुआ है!
ये तो गड़बड़ हो गई! भीड़ तो रॉबिन हुड की ही बात मानेगी और रॉबिन हुड सिर्फ एक पोशाक है!
जो भी उस पोशाक को पहने हुए होगा भीड़ की नजरों में वही रॉबिन हुड होगा!
भीड़ अब फैक्ट्री की तरफ आ रही है!
धनवंतरी समझ गया है कि हमारे साथ ध्रुव भी यहीं पर है!

अब हम क्या करें ध्रुव? हमारा वार तो उल्टा पड़ गया!

हमारा नहीं! धनवंतरी का वार उल्टा पड़ गया है कोच! इसने मुझे रॉबिन हुड को हमेशा के लिए खत्म करने का मौका दे दिया है!

रुक जाओ! सब वहीं पर रुक जाओ!

अभी कोई नहीं रुकेगा! ये तुम्हारा खून पीने के बाद ही रुकेंगे!

तो फिर देखो अपने हीरो की असली शक्ल!

रॉबिन हुड जो कहेगा, हम मानेंगे!

वह हमारा हीरो है!

हां! ये धनवंतरी है!

ये तो... ये तो...

उसी फैक्ट्री का मालिक जो तुमसे नकली दवाईयां बनवाता था और तुम्हारा खून चूसकर ही पैसा इकट्ठा करता था! अब जब ये तुम लोगों का विश्वास खो चुका है तो रॉबिन हुड बनकर और तुम्हारी मदद का नाटक करके फिर तुम्हारा विश्वास हासिल करना चाहता है!

थू! हमको बेवकूफ बनाया इसने!

इस धोखेबाज की बातों में आकर हम अपने असली सुपर हीरो ध्रुव को मारने जा रहे थे! छी:!
ऐसा करने से तो भूखे मर जाना अच्छा है!
कोई भूखा नहीं मरेगा! कल से दवाई फैक्ट्री फिर शुरू हो जाएगी! और तुम सबको तनख्वाहें बढ़ाकर दी जाएंगी!
पर ये तनख्वाहें देगा कौन?
ध्रुव द्वारा स्थापित श्यामराधा चैरिटी फंड ही फैक्ट्री को चलाएगा! और तुम सबकी तनख्वाहें देगा!
ये ssss
ध्रुव जिन्दाबाद!
अब तुम भी जिनेवा जाने की तैयारी करो लिंगदोह! फंड तुम्हारा सारा खर्च भी उठाएगा! जाओ और गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रौशन करो!
वाऊ! थैंक्स ध्रुव!
पर उसके लिए तुमको कोचिंग ध्रुव से लेनी होगी! क्योंकि मैं तो अपने आपको कानून के हवाले करने जा रहा हूं!
हमको भी बॉस के साथ जेल ले चलो, भाई! अब तो हम बेरोजगार हो गए हैं! वहां कम से कम खाने को तो मिलेगा!
समाप्त.